तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 10 मार्च 2026

12 निगम ने 15 वार्डों की सफाई का काम ठेके ...



12 नपा सचिव के व्यवहार पर भड़के सदस्य, कार्रवाई ...



## खबर संक्षेप

### राइस मिल से धान की 50 बोरियां चोरी

**यमुनानगर।** साढौरा निवासी इकबाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गौशाला रोड पर उसका राइस मिल है। चोरों ने सात मार्च की रात को राइस मिल में घुसकर वहां से 50 बोरी धान की चोरी कर ली। चोरी हुई धान की कीमत 45 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पांच दिन बाद हुआ अज्ञात महिला का पोस्टमार्टम

**यमुनानगर।** थाना बूड़िया क्षेत्र के फतेहपुर पुल के नीचे पश्चिमी नहर किनारे पांच मार्च को मिली अज्ञात महिला का शव को सोमवार को पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार महिला के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। इसके अलावा शरीर में कुछ अंदरूनी चोटें भी हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ कि इन्हीं चोटों से महिला की मौत हुई या किसी अन्य कारण से। डॉक्टरों ने शव का विसरा सुरक्षित रखा और फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। विसरा जांच से यह पता लगाया जाएगा कि महिला के शरीर में किसी प्रकार का जहर या नशीला पदार्थ तो नहीं था। महिला की असली मौत का कारण फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

### घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** शहर की न्यू हमीदा कालोनी में चोरों ने घर का ताला तोड़कर 35 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। न्यू हमीदा कॉलोनी निवासी ललित मुखीजा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के सदस्यों के साथ छह मार्च को सुबह आठ बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। आठ मार्च को जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से 35 हजार रुपये, पर्स में रखी दो जोड़े टॉप्स, एक तोला सोने के आभूषण, चार जोड़ी पायल, दो कड़े व अन्य आभूषण गायब मिले।

### ट्राले से टकराने से बाइकर्स की मौत

**पनीपत।** पानीपत की रिफाइनरी रोड पर सोमवार सुबह सड़क पर खड़े ट्राले से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक चालक मंजीत पुत्र सूरजमल निवासी गांव फुरलक जिला करनाल की मौत हो हो गई। मंजीत, पानीपत रिफाइनरी के पीएडीसी में प्राइवेट जॉब करता था और पानीपत के टीडीआई में निवास कर रहा था। मृतक के भाई नवीन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने ट्राला चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में कार की टक्कर से पैर कटा

**पानीपत।** थाना मतलौडा क्षेत्र के गांव नारा मोड़ पर गैस गोदाम के पास कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। वहीं टक्कर लगने से मोटरसाइकिल पर सवार प्रताप व अमरनाथ निवासी गांव अदियाना गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में प्रताप का बाया पैर शरीर से कट कर अलग हो गया। दोनों घायलों का निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इधर, घायलों के भाई बलवान की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की जहर खाने से जान गई

**पानीपत।** पानीपत के गांव ब्राह्मण माजरा निवासी 22 वर्षीय रवि पुत्र राजवीर ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा का आत्महत्या कर ली। इधर, पुलिस ने जांच के बाद रवि के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

## 57 लाख की ठगी के आरोप में दो एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज

# अमेरिका भेजने के लिए एजेंटों ने घुमाए 24 देश, 9 महीने बाद डिपोर्ट

■ घटना ने अवैध तरीके से विदेश जाने के खतरों को उजागर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अमेरिका से अगस्त 2025 में डिपोर्ट होकर लौटे युवक गुरजिंद्र सिंह से 57 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई। डंकी रूट से यातनाएं देते हुए मैक्सिको पहुंचाने वाले दो एजेंटों पर नग्गल थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। युवक के पिता पटियाला के मोलगढ़ गांव के जगीर सिंह ने शिकायत में बताया कि एजेंटों ने किश्ती व टैक्सी के जरिये बेटे को 24 देश घुमाने के बाद मैक्सिको पहुंचाया था। 9 माह कैंप में रहने के बाद बेटा भारत आया। पुलिस ने पिहोवा के जसविंदर सिंह व जनसूआ गांव के मनदीप सिंह पर इमिग्रेशन एक्ट, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जगीर सिंह ने बताया कि जनसूआ के अजीत सिंह के माध्यम से उनका संपर्क जसविंद्र सिंह व मनदीप सिंह से हुआ था। बेटे को विदेश भेजने के लिए बोला तो आरोपियों ने 2 अगस्त 2024 को पिहोवा स्थित कार्यालय में बुलाया। पहले तो बेटे को भेजने के लिए 45 लाख रुपये मांगे थे। रुपये न होने की बात कही तो आरोपियों ने कहा कि आपके पास जो एक किला 6 कनाल 12 मरले भूमि है उसे बेच दो। उस समय रजिस्ट्री करवाने के लिए हां कर दी थी। आरोपियों ने पेपर वीजा मंगवा कर बेटे को 21 अगस्त को भेज दिया। रास्ते में बेटे को नीदरलैंड 2 दिन के लिए एयरपोर्ट पर ही ठहराया। वहां खड़ा करने के बाद जमीन की रजिस्ट्री करवाने का दबाव डाला। पीड़ित जगीर सिंह ने आरोप लगाया कि पहले तो जमीन का ब्याना करवाने के बाद आरोपियों ने जमीन एक दूसरी महिला के नाम करवा दी। 20 लाख रुपये लेने के बाद हमारे मकान का भी बयाना लिखवा लिया। बाकी रुपये नकद व खातों में डलवाए। आरोप लगाया कि रुपये लेने के बाद बेटे को सूरीनाम से बिना जहाज के कभी किश्तियों में तो कभी टैक्सी के जरिये तकरीबन 24 विदेशों में घुमाया। जब बेटे ने विरोध किया तो मारपीट करते थे, इस तरह से बेटा 6 माह रास्तों में ही भटकता रहा। मैक्सिको पहुंचने पर बेटे के साथ मारपीट की व 9 माह तक बेटा कैंप में ही रहा। 28 अगस्त 2025 को अमेरिका से डिपोर्ट करके लौटा दिया।

### युवक को एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर भेज दिया उज्बेकिस्तान

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद के युवक को एजेंट ने ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर उज्बेकिस्तान भेज दिया। यहां युवक को अगवा कर लिया गया। अब आरोपी उसके परिवार से 50 लाख रुपये की डिमांड कर रहे हैं। डिमांड पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी है। बख्शीश सिंह निवासी थडौली ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा बेटा नवजीत सिंह (25) ऑस्ट्रेलिया जाना चाहता था। परिवार ने एजेंट कर्म सिंह मोहाली से संपर्क किया, जिसने नवजीत को 20 लाख रुपये में ऑस्ट्रेलिया पहुंचाने का वादा किया। साथ ही पैसे बाद में देने की बात तय हुई। एजेंट कर्म सिंह ने नवजीत का पासपोर्ट जसकरण सिंह को दिया। 28 फरवरी को आरोपी एजेंट कर्म सिंह, जसकरण सिंह और एक महिला उनके घर आए और उसके बेटे को अपने साथ दिल्ली ले गए। यहां से उसके बेटे को उज्बेकिस्तान की फ्लाइट में बैठा दिया। वहां 2-3 घंटे रुकने के बाद ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे। करीब 10 घंटे बाद बाबा खान और अकबर खान बताते हुए 50 लाख रुपये देने के लिए धमकाया। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

**उज्बेकिस्तान में युवक को किया अगवा, 50 लाख की डिमांड**

# मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने तालाब में लगाई छलांग, होमगार्ड ने बचाई जान

*महावीर पार्क बंद होने के बावजूद छात्रा पीछे की टूटी दीवार से अंदर दाखिल हो गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के महावीर पार्क में सोमवार को एक युवती ने पार्क के तालाब में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद होमगार्ड जवानों की सतर्कता से उसकी जान बचा ली। युवती की पहचान केसरी गांव की साक्षी के रूप में हुई है जो कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की छात्रा बताई जा रही है। महावीर पार्क इन दिनों आम लोगों के लिए बंद है। इसके बावजूद युवती पार्क के पीछे की टूटी दीवार से अंदर दाखिल हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही वह तालाब के पास पहुंची, उसने अचानक पानी में छलांग लगा दी। तालाब में हलचल देखते ही वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान मांगेराम ने बिना देर किए खुद भी पानी में छलांग लगा दी। मांगेराम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवती को पानी से बाहर निकाला। इस दौरान होमगार्ड के एक अन्य जवान कृष्ण कुमार ने भी उनकी मदद की। दोनों की तत्परता से युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद उसे तुरंत शहर के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना युवती के परिजनों को दे दी गई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार युवती के बयान दर्ज किए जाने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसने यह कदम किन कारणों से उठाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पानीपत में सात माह के बच्चे के अपहरण से हड़कंप

**पानीपत।** पानीपत के गांव उग्रा खेड़ी की काला अंब रोड पर झुग्गी झोपड़ी में निवास कर रहे सुंदर व काजल मूल निवासी अलवर, राजस्थान के सात माह के पुत्र मनशुभ का दो बाइक सवार बदमाश अपहरण कर ले गए। घटना सोमवार के दोपहर करीब 2:30 बजे की है घटना के समय सुंदर और काजल विवाह समारोह में ढोलक बजाने के लिए चले गए थे । जबकि मनशुभ अपने सात साल की बहन आशियाना के पास था। आशियाना ने बताया कि दो युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास आए थे, उसे कुरकुरे दिलाने का लालच देकर मनशुभ को उन्हें देने को कहा। बहन के मना करने पर दोनों जबरन बच्चा छीन कर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने जिले भर में बीटी कर को सचेत कर दिया। वहीं, बच्चों की तलाश शुरू कर दी। डीएसपी सुरेश सैनी ने बताया बच्चों के अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है जल्दी बच्चे को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**बाइक सवार युवकों ने कुरकुरे देने के बहाने छीन कर साथ ले गए**

### रेलवे लाइन पर किशोर की पिटाई सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**अंबाला।** अंबाला कैंट और सिटी के बीच रेलवे लाइन पर एक किशोर की बेरहमी से पिटाई हो गई। दूसरों में डर पैदा करने के लिए कुछ युवकों ने इसका वीडियो बनाया और इसे इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दिया गया। अब पीड़ित की तरफ से लिखित में शिकायत जीआरपी को दी गई है ताकि मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में 4-5 युवक एक किशोर को घेरकर उस पर लात-घूसों से हमला कर उसे धमकाते साफ नजर आ रहे हैं। मामला यही नहीं थमा, एक वायरल ऑडियो में हमलावर युवक खुद को किसी बड़े गैंगस्टर का संरक्षण प्राप्त होने का दावा भी कर रहे हैं। इस धमकी और पिटाई से डरे-सहमे किशोर ने सिटी जीआरपी चौकी में शिकायत देकर बताया कि आरोपियों ने उसे पुल के नीचे रेलवे लाइन पर बुलाया और वहां उसकी पिटाई की। जीआरपी मामले की जांच कर रही है।

### पानीपत में हमले का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने विकास नगर में आशा, इसके पति रोहताश व पुत्र सन्नी पर जान लेवा हमला करने के चौथे आरोपी जयवीर निवासी गांव मुश्कीपुर जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी विकास नगर पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना किला क्षेत्र की चावला कालोनी में सुनील पुत्र धर्म सिंह निवासी काबुली बाग कालोनी के साथ मारपीट करने के आरोपी विशु निवासी बबैल रोड शिव नगर व साहिल निवासी सैनी मोहल्ला को गिरफ्तार किया है। थानेदार सुरेश ने बताया उपरोक्त मामले में सुनील की शिकायत पर केस दर्ज है।

# युवक पर गंडासी से हमला कर किया घायल

■ कार सवार कई व्यक्तियों ने वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव बागवाली में कार में सवार होकर आए करीब डेढ़ दर्जन व्यक्तियों ने एक युवक पर गंडासी से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में युवक की बाजू टूट गई। इसके बाद आरोपियों से जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए करीब दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बागवाली निवासी राकेश ने साढौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले नावेद व जुनैद के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। सात मार्च को सुबह नौ बजे वह गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान नावेद व जुनैद अपने साथियों अब्दुल खान व शकील तथा करीब दर्जन भर अन्य साथियों के साथ गाड़ियों में सवार होकर आए। आरोपियों ने आते ही उस पर गंडासी से हमला कर दिया। गंडासी लगने से उसकी बाजू टूट गई। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर हमला

**यमुनानगर।** गांव पोबारी निवासी काला ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह छह मार्च को रादौर किसी काम से आया था। इस दौरान अनीस, नफीस, फिदा, एजाज व गांधी ने उसे रास्ते में रोक कर उस पर तेज धार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निवेश के नाम पर 40 लाख की धोखाधड़ी, 2 पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर 40 लाख रुपये की साइबर ठगी मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र टीम ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी मामले के आरोपी विक्रम वासी कुराड जिला कैथल हाल वासी सेक्टर-4 करनाल व राजीव कुमार वासी धनौरी जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस को दी शिकायत में शकीन सिंह वासी बगथला जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह आर्मी से सेवानिवृत्त है। 17 जनवरी को उसकी फेसबुक पर ग्लोबल टेक न्यूज से मैसेज आया जिसमे एक लिंक दिया था। जब उसने वह लिंक खोला तो उसमे वित्त मंत्री की पैसे इन्वेस्टमेंट के संबंध में



वीडियो दिखाई गई। उसके बाद उसने अपना नंबर और मेल आईडी से लिंक से रजिस्ट्रेशन कर दिया। कुछ समय बाद उसके पास एक अनजान नंबर से काल आई जिसने उसको बताया कि अगर वह कुछ पैसे उनके कहे अनुसार इन्वेस्टमेंट करेंगें तो उसको हर माह 50/60 हजार रुपये की कमाई होगी। उसके बाद ट्रेडिंग खाता खोलकर 21 हजार इन्वेस्टमेंट कर दिए। 19 हजार का फायदा दिखाई दिया। इसके बाद उसने आरोपी द्वारा बताए गए तरीके से करीब 40 लाख इन्वेस्टमेंट कर दिए बाद में पता चला की फ्राड का शिकार हो गया।

# लाला देवराज आनंद मार्केट और आरएचए के दुकानदारों को राहत

**लाइसेंस की अवधि एक साल के लिए बढ़ाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी परिषद की बैठक में व्यापारियों के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। परिषद ने लाला देवराज आनंद मार्केट और आरएचए बाजार के दुकानदारों को राहत दी है। यह राहत लाइसेंस की अवधि को एक साल के लिए विस्तार देने की मंजूरी के तहत दी है। इस फैसले से दर्जनों दुकानदारों को फिलहाल अपनी दुकानें खाली करने या नए सिरे से नीलामी की प्रक्रिया से राहत मिल गई है। बोर्ड द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुसार, लाइसेंस अवधि के विस्तार के साथ ही दुकानदारों को मौजूदा लाइसेंस फीस में पांच प्रतिशत की वृद्धि देनी होगी। लाला देवराज आनंद मार्केट के 13 और आरएचए बाजार के 4 दुकानदारों के आवेदनों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया। बोर्ड के नियमों के अनुसार, दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया फिलहाल पब्लिक मार्केट रूल्स 2026 के ड्राफ्ट फाइनल होने तक रोक दी गई है।

डीजीडीई के निर्देशों का हवाला देते हुए बोर्ड ने प्रस्ताव संख्या 10 और 11 के तहत यह स्पष्ट किया कि जब तक नए नियम अंतिम रूप नहीं ले लेते, तब तक मौजूदा लाइसेंस धारकों को एक साल की मोहलत दी जाएगी। लाला देवराज आनंद मार्केट में अब 02 मार्च से 01 मार्च 2027 तक की अवधि में बढ़ोतरी की गई है। इसी प्रकार आरएचए बाजार में 10 फरवरी 2026 से 09 फरवरी 2027 तक बढ़ोतरी की गई है।

## निगम की टीम ने शादीपुर में खजूरी रोड पर की कार्रवाई

# गंदगी फैलाने पर पांच ट्रैक्टर चालकों और दो दुकानदारों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

खुले में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर निगम की टीम ने शादीपुर में खजूरी रोड पर खुले में गंदगी फैला रहे पांच ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों व दो दुकानदारों के चालान किए। निगम के सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह उनकी टीम सफाई को लेकर वार्ड 12 में निरीक्षण कर रहे थे। तभी खजूरी रोड शादीपुर में कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली चालक सड़क पर गंदगी फैलाते जा रहे थे। इनमें प्लाई पत्ते, लकड़ी के बुरादे व अन्य अवशेष भरे हुए थे। जांच में पाया गया कि पांच ट्रैक्टर



**यमुनानगर।** ट्रैक्टर ट्रॉली चालक का चालान काटते निरीक्षक सुशील शर्मा।

ट्रॉलियों में भरा सामान ठीक से ढका नहीं था और चलते समय प्लाई पत्ते व कचरा सड़क पर गिर रहा था। जिससे यातायात में बाधा और गंदगी फैल रही थी। सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा ने पांचों ट्रैक्टर चालकों का मौके पर चालान किया गया और उन्हें निर्देश दिए गए कि भविष्य में सामान को तिरपाल से ढक कर व रस्सियों से अच्छी तरह बांधकर ले जाया जाए ताकि रास्ते में कचरा और सामग्री न गिरे। इसी दौरान उनकी टीम ने शादीपुर में दुकानों के आगे खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों के भी चालान किए और सड़क पर फैले कचरे व कबाड़ का साफ कराया। उनकी टीम ने उन्हें गंदगी डालने के लिए डस्टबिन का इस्तेमाल करने और खुले में गंदगी न फैलाने के प्रति समझाया। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर शहर की साफ. सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मेहनत, अनुशासन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है: प्रो. सोमनाथ सचदेवा

*खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया*

# कुवि ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष मुक्केबाजी स्पर्धा में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 2 से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने सभी दस खिलाड़ियों को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कराया, बल्कि दो गोल्ड, चार सिल्वर और तीन ब्रोंज मेडल जीतकर टीम ने समग्र रूप से पहला स्थान हासिल किया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुक्केबाज गंगा (55 किलोग्राम) और पंकज (65 किलोग्राम) ने गोल्ड मेडल जीतकर



**कुरुक्षेत्र।** प्रतियोगिता की विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं 60, 70, 75 और 90+ किलोग्राम भार वर्ग में मिलन, संचित, उदय सिंह और आदित्य ने सिल्वर मेडल अपने नाम किए। इसके अलावा 50, 80 और 85 किलोग्राम भार वर्ग में मोहित, कृष और विशेष कुमार ने ब्रोंज मेडल जीतकर टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के मुक्केबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है, बल्कि यह साबित किया है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। समापन समारोह के दौरान डायरेक्टर कम्पटीशन डॉ. प्रदीप ढाका, एआईयू ऑब्जर्वर डॉ. सुनील पुरोहित, बॉक्सिंग फेडरेशन के ऑब्जर्वर कुलदीप शर्मा, खेल निदेशालय के कोच राजेश, रमेश, मोनिका, मलकीत, सहायक स्टाफ और विजेता खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### विवि प्रशासन के सहयोग से मिली सफलता

कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की लगन, कोचों के मार्गदर्शन और विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से यह शानदार सफलता संभव हुई। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए देशभर से आई टीमों, कोचों और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने किया।

# अमन गर्ग बने वर्ल्ड बैंक ग्रुप की आईएफसी में सीनियर कंट्री ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहबाद के लिए गर्व का क्षण है कि भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी अमन गर्ग को वर्ल्ड बैंक ग्रुप की संस्था इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) के भारत कार्यालय में सीनियर कंट्री ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। 2008 बैच के आईआरएस अधिकारी अमन गर्ग को वित्त मंत्रालय में करीब 16 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव है। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने नीति निर्माण, कर प्रशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस और आर्थिक योजना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। वर्तमान में वे वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस, सार्वजनिक



■ आईआरएस अधिकारी को वित्त मंत्रालय में करीब 16 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव

वित्तीय प्रबंधन तथा आर्थिक नीतियों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। अमन गर्ग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे जी-20 इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर वर्किंग ग्रुप से संबंधित पहलों में भी भागीदारी निभा रहे हैं। उनकी नियुक्ति को भारत की वित्तीय नीति और वैश्विक आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उन्होंने केईओ विश्वविद्यालय, जापान से टैक्सेशन पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की, जहां वे वर्ल्ड बैंक स्कॉलर रहे।

## खबर संक्षेप

### रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग

**करनाल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी करनाल ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। जिला सचिव जगपाल राणा ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर पर 60 रुपये की बढ़ोतरी से गरीब और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी भी इस बढ़ोतरी से प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में 114.50 रुपये की बढ़ोतरी भी अंततः आम उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगी, क्योंकि इसका असर बाजार की कीमतों पर पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कर के रूप में मिलने वाली आय छोड़ने को तैयार नहीं है, जिससे आम जनता पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

### भूमि खरीद जानकारी देने के लिए कैंप 11 को

**घरौंडा।** एचएसवीपी की एस्टेट अधिकारी अदिति ने बताया हरियाणा सरकार द्वारा रिहायशी क्षेत्रों को विकसित करने के लिए घरौंडा की लगभग 329 एकड़ (सैक्टर-1, 2, 7, 8, 9) की भूमि करनाल सम्पदा कार्यालय के नियोजित रिहायशी सैक्टरों में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा ई-भूमि पोर्टल.जमाबंदी. के माध्यम से लोगों से खरीदी जाएगी। इस विषय पर लोगों को अवगत करवाने के लिए 11 मार्च को सुबह 10 बजे क्राउन सिटी सेक्टर 9 घरौंडा में कैम्प लगाया जाएगा। सभी घरौंडा निवासी इस कैम्प में आकर अपनी भूमि की खरीद की जानकारी प्राप्त करें।

### उपायुक्त ने किया एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण

**पिहोवा।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि तहसील और एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को जीरो टोरलैंस पालिसी को जहन में रखकर कार्य करना होगा। किसी स्तर पर भी भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायत मिली तो सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को दोपहर बाद पिहोवा तहसील व एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। अधिकारियों को जीरो टोरलैंस पालिसी को जहन में रखकर कार्य करना अनिवार्य होगा।

### महिला दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में बताए महिलाओं के अधिकार

# कुंजपुरा में लगा सशक्तिकरण मेला 80 गांवों की महिलाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अर्पणा रिसर्च एंड चैरिटी ट्रस्ट, मधुबन की ओर से गांव कुंजपुरा में महिला सशक्तिकरण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के लगभग 80 गांवों से करीब 8 हजार महिलाओं ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक महिला दिवस मनाया। संस्था पिछले 27 वर्षों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है। ट्रस्ट द्वारा करनाल, घरौंदा, कुंजपुरा और इंद्री खंड के 108 गांवों में 1070 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। इन समूहों से लगभग 15 हजार 600 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जिन्होंने मिलकर करीब 82 करोड़ रुपये की बचत की है। महिलाएं इन समूहों से ऋण लेकर घर निर्माण, बच्चों की पढ़ाई, विवाह, स्वास्थ्य तथा छोटे व्यवसाय शुरू कर रही हैं। मेले में 58 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने खाने-पीने की वस्तुएं, सौंदर्य प्रसाधन, कपड़े, बैग और हस्तशिल्प से संबंधित स्टॉल लगाए। इसके साथ ही महिलाओं और युवतियों के लिए खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वृत्रा फाउंडेशन की संस्थापक आयशना कल्याण रहीं। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महिला थाना प्रभारी कविता, जो एशियाई मुक्केबाजी प्रतियोगिता की विजेता रह चुकी हैं, ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दलीप गोसाईं ने कहा कि करनाल जिला देश के प्रमुख कृषि अनुसंधान संस्थानों का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का क्षेत्रीय केंद्र तथा भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को खेती, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण और लघु उद्योगों से जुड़कर परिवार की आय बढ़ाने में भूमिका निभानी चाहिए।



**करनाल।** कुंजपुरा में लगा सशक्तिकरण मेले में मौजूद महिलाएं।



करना। महिला सुरक्षा विषय पर आयोजित शिविर में मौजूद पुलिसकर्मी।


### महिला सुरक्षा विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

- प्रदेश की विभिन्न इकाइयों के 20 पुलिस अधिकारी ले रहे भाग

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में सोमवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में महिला सुरक्षा विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से आए 20 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं। अकादमी की निदेशक कला रामचंद्रन ने उप पुलिस अधीक्षक गीतिका को इस प्रशिक्षण का निदेशक नियुक्त किया है। प्रारंभिक सत्र में प्रशिक्षक उप निरीक्षक सुनीता ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत आने वाले महिला संबंधी अपराधों पर चर्चा की। वहीं प्रशिक्षक उप निरीक्षक प्रो. रोमी ने घरेलू हिंसा अधिनियम और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर निदेशक कला रामचंद्रन की उपस्थिति में प्रतिभागियों का समूह चित्र भी लिया गया।

# घरेलू कलह ने ली महिला की जान, कमरे में बंद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



- मृतका के परिजनों ने पति पर लगाया हत्या का आरोप

करनाल के जनकपुरी इलाके में एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 32 वर्षीय महिला, कामिनी का शव उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतका के परिजनों ने उसके पति प्रेम पर हत्या का आरोप लगाया है, जो वारदात के बाद से ही घर को बाहर से ताला लगाकर फरार है।

उत्तर प्रदेश की रहने वाली कामिनी की शादी करीब 8 साल पहले करनाल की जनकपुरी कॉलोनी के रहने वाले प्रेम से हुई थी। प्रेम पेशे से फलों की रेहड़ी लगाता है। इस शादी से उनके दो बच्चे हैं—एक 6 साल की बेटी और एक 4 साल का बेटा। शुरुआती सालों में सब ठीक था, लेकिन परिजनों के अनुसार हाल ही में विवादों का दौर शुरू हो गया था।

कामिनी के भाई राजपाल ने बताया कि होली के बाद से प्रेम अत्यधिक शराब पीने लगा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। रविवार को भी दोनों के बीच इसी मुद्दे पर भारी विवाद हुआ। झगड़े के दौरान बच्चे बाहर गली में खेलने चले गए थे। इसी बीच, प्रेम ने अपनी पत्नी कामिनी को कमरे के अंदर बंद किया, बाहर से ताला लगाया और मौके से फरार हो गया। रविवार शाम को जब मासूम बच्चे खेल कर घर लौटे, तो उन्होंने बाहर ताला लगा पाया। काफी देर इंतजार के बाद भी जब पिता नहीं आए और मां ने दरवाजा नहीं खोला, तो पड़ोसियों ने संदेह होने पर कामिनी के भाई को फोन किया। भाई राजपाल ने मौके पर पहुँचकर जब खिड़की से कमरे के अंदर झांका, तो अंदर कामिनी का शव फंदे से लटकता देख उसके होश उड़ गए।

#### पुलिस और एफएसएल की जांच

सूचना मिलते ही करनाल सदर चौकी से जांच अधिकारी सतीश कुमार पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम के साथ पहुंचे। टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के भाई राजपाल ने हत्या का शक जताते हुए कहा कि /"कामिनी के पैर जमीन को छू रहे थे/", जिससे उन्हें अंदेशा है कि हत्या कर शव को लटकाया गया है। फिलहाल पुलिस ने सोमवार को डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि यह हत्या है या आत्महत्या। फिलहाल पुलिस की टीमें फरार आरोपी पति की तलाश में जुटी हैं।

# गुरु ग्रंथ साहिब की मर्यादा पर टिप्पणी का विरोध झींडा और राणियां को पद से हटाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हलका नीलोखेड़ी से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सदस्य बीबी कपूर कौर सौंकड़ा के सुपुत्र, सदस्य प्रतिनिधि तथा नीलोखेड़ी ब्लॉक सरपंच यूनियन के प्रधान सरदार भूपिंदर सिंह लाडी प्रधान सौंकड़ा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि सिख पंथ में "गुरु मान्यो ग्रंथ" की परंपरा सर्वोच्च है और पूरा सिख समाज गुरु ग्रंथ साहिब की मर्यादा को गहरी श्रद्धा के साथ मानता है। उन्होंने कहा कि गैर-सिख समुदाय में भी गुरु ग्रंथ साहिब के प्रति अपार आस्था है। ऐसे में यदि किसी कार्यक्रम में गुरु ग्रंथ साहिब की गुरता-गद्दी को चुनौती दी जाए और वहां मौजूद सिख संस्था के पदाधिकारी विरोध तक न करें, तो ऐसे पदाधिकारियों का पद पर बने रहना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य एकजुट होकर झींडा और राणियां को उनके पद से हटाने पर विचार करें। उन्होंने यह भी कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और यदि पंथ की मर्यादा के विरुद्ध कोई कार्य हुआ है तो दोषियों को तलब कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

#### नामधारी संप्रदाय का मामला



लाडी प्रधान ने बताया कि दो दिन पहले जिला सिरसा में नामधारी संप्रदाय के एक कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा और महासचिव अंग्रेज सिंह राणियां भी मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान नामधारी संप्रदाय के एक धड़े के प्रमुख ठाकुर दलीप सिंह के भाषण में गुरु ग्रंथ साहिब की गुरता-गद्दी को चुनौती देने और व्यक्तिगत गुरु को मानने की बात कही गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस दौरान गुरु ग्रंथ साहिब को केवल एक धार्मिक पुस्तक बताने जैसी टिप्पणी भी की गई, जो सिख पंथ की परंपराओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम कार्यक्रम में मौजूद कमेटी के पदाधिकारियों के सामने हुआ, लेकिन उन्होंने मौके पर कोई विरोध दर्ज नहीं कराया।

# शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज में एनएसएस शिविर के चौथे दिन माई भारत पोर्टल के बारे मे दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इंद्री में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन माई भारत पोर्टल विषय को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने किया । इस मौके पर विद्यार्थियों को माई भारत पोर्टल के महत्व और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयंसेवक रूपाक्षी व महक द्वारा किया गया। शिविर मे मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र चौहान उपस्थित रहे। डॉ. वीरेंद्र चौहान ने बताया कि माई भारत पोर्टल युवाओं को देश की विकासात्मक गतिविधियों, सरकारी योजनाओं और विभिन्न अवसरों से जोड़ने वाला एक प्रभावी मंच है। इसके माध्यम से युवा स्वयं सेवा, कौशल विकास, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस पोर्टल पर पंजीकरण करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं को नई दिशा देने वाला मंच है, जो उन्हें समाज सेवा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेवा, समर्पण, त्याग और सहयोग की भावना से देश निर्माण के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। स्वयंसेवकों ने चारों ओर होगी हरियाली विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छ वातावरण के महत्व का संदेश दिया और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया।



**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मे पहुंचे मुख्य वक्ता डॉ . वीरेंद्र चौहान को पौधा भेंट करते महाविद्यालय के प्राचार्य व प्रोफेसर ।

# अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 15 मार्च को, पंजिकरण होना अनिवार्य

- कार्यक्रम सेक्टर-8 में अग्रसेन भवन में सुबह नौ बजे से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अग्रवाल युवा संगठन की ओर से 26वें वैवाहिक अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेक्टर-8 स्थित अग्रसेन भवन में सुबह नौ बजे से शुरू होगा। संगठन के प्रधान रमेश जिंदल के नेतृत्व में टीमें लगातार प्रचार-प्रसार में जुटी हुई हैं। यह उत्तर भारत के सबसे पुराने आयोजनों में से एक है, जिसकी शुरुआत विवाह में फिजूल खर्ची रोकने और समाज के युवाओं को योग्य जीवन साथी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। रमेश जिंदल ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए पंजीकरण करवाना आवश्यक है। इसके लिए प्रत्यक्ष और इंटरनेट के माध्यम से दोनों प्रकार की व्यवस्था की गई है। सम्मेलन के दौरान एक पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें युवक-युवतियों के परिचय और अन्य आवश्यक जानकारी प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में और पर्याप्त जानकारी के अभाव में योग्य जीवन साथी का चयन करना कठिन हो गया है। ऐसे में यह सम्मेलन समाज के लोगों को एक मंच उपलब्ध कराता है। इस अवसर पर अरुण अग्रवाल, आशीष मंगल, प्रवीण गर्ग और भूषण गोयल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।






### रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी पर जताई नाराजगी

- पेंशन वित्त विधेयक वापस न होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान

**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक इंद्री की बैठक पंचायत घर मटक माजरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान डॉ. बलवान सिंह ने की, जबकि संचालन जिला उपप्रधान विजयपाल ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक पेंशन वित्त विधेयक वापस नहीं लिया जाता, तब तक धरने, प्रदर्शन और सम्मेलन जारी रहेंगे। बैठक में डॉ. पृथ्वीराज खेड़ा, ओमप्रकाश वर्मा, धर्मराज, जियालाल, धनीराम, गुरदयाल, विजयपाल, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, यशपाल राणा, मनोहर लाल और धीरज सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने कृषि फार्म का भ्रमण कर हासिल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज की ओर से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने सरदार गुरुबचन सिंह कृषि फार्म का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को एकीकृत खेती मॉडल और जैविक कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में पिहोवा डीएवी कॉलेज के पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यवाहक अधिकारी प्रो. अजय तथा राजकीय कन्या संस्कृति मॉडल स्कूल के प्राचार्य डॉ. महेंद्र नरवाल ने स्वयंसेवकों को विकसित भारत, सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और कर्तव्यबोध जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। शिविर के चौथे दिन प्रथम सत्र में दो व्याख्यान आयोजित किए गए। इसमें लाडवा कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों से अनुशासन और परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। वहीं अंतरराष्ट्रीय धावक एवं योगाचार्य परमवीर आर्य ने सार्वजनिक जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्वयंसेवकों ने काछवा गांव में जागरूकता रैली निकाली और लोगों को विभिन्न सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत काछवा की सरपंच सुशीला देवी के साथ भी विचार-विमर्श किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा प्राचार्य डॉ. चूहड़ सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।





### समारोह में 40 खिलाड़ी सम्मानित

**करनाल।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय मास्टर सतीश कुमार राणा की ओर से अकादमी परिसर में खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 40 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीराम चरित्र मानस स्कूल के निदेशक संदीप गौतम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शिवचरण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। समारोह में रंगीन बेल्ट प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना है, ताकि वे अधिक उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे

### उच्च न्यायालय के फैसले की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**करनाल।** शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों द्वारा दिए गए एक फैसले पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बलात्कार और हत्या के मामले में सजा काट रहे सिरसा स्थित डेरा प्रमुख को बरी किए जाने के निर्णय की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि यह फैसला किसी राजनीतिक दबाव या अन्य कारणों से लिया गया हो सकता है। मान ने कहा कि पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के मामले में भी न्याय होना चाहिए और इस पूरे प्रकरण की केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए। पार्टी की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष हरजीत सिंह विर्क ने भी इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

# नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण कर मरीजों का बढ़ाया हौसला

- अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने सोमवार को नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की तथा नशा छोड़ने के उनके प्रयास की सराहना की। साथ ही मरीजों को भविष्य में नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर परामर्शदाता हरीश भी उपस्थित रहे। इसके बाद जिला वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वन विभाग के अधिकारी रजत ने वन मित्र योजना और वन मित्र पोर्टल के बारे में जानकारी दी। डॉ. इरम हसन ने अधिकारियों से ग्रामीणों को इस योजना के बारे में जागरूक करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने गांव काछवा में स्थापित सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि लोग अपने आपसी विवाद वहां सुलझा सकते हैं।





### श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलती है आत्मिक शांति

**करनाल।** पृथ्वी स्थल तीर्थ सती माता गौ लोक धाम बालू में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक रामलाल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को आत्मिक शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सत्संग और कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है, जबकि सांसारिक मोह-माया मनुष्य को भटका देती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने और उन्हें धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर महंत बाबा शांतिगिरी महाराज ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि यह कथा 12 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान प्रदीप पांचाल, डॉ. अमनदीप शर्मा, सरपंच सुशील शर्मा, विक्रम पंडित, राजिंद्र शर्मा, बीरू शर्मा, प्रो. सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### शिविर में प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट, सख्त तथा समयबद्ध निर्देश दिए। वहीं, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि नगर निगम से जुड़ी समस्याएं, चाहे वे पानी, सफाई या अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित हों, उनके समाधान के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। इधर कैंप में कुल 30 शिकायतें दर्ज कर उनका निराकरण किया गया।

### दो एएसआई थानेदार बने, दी शुभकामनाएं

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस में तैनात दो एएसआई महावीर सिंह थाना किला व एएसआई अनिल कुमार को पदोन्नति देकर सब इंस्पेक्टर बनाया है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को इनके कंधों पर स्टार लगाकर इन्हें शुभकामनाएं देते हुए कर्तव्य निष्ठा से काम करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर एसपी रीडर एसआई सुभाष, सुरक्षा शाखा इंचार्ज एएसआई राकेश व पीआरओ अनिल कुमार मौजूद रहे।

### मारपीट में वृद्धा की कुल्ली तोड़ी

**पानीपत।** पानीपत के बेगमपुर गांव में राजेश व राकेश ने अपनी पत्नियों बिनोद व रानी के साथ मिल कर मनीष, इसकी पत्नी व मामा संदीप, रजो के साथ मारपीट की। वहीं मारपीट में रजो के कुल्ले की हड्डी टूट गई।

### माकपा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने जिला के अंदर सांप्रदायिक सौहार्द व शांति बनाए रखने के लिए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा हैं। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, राज्य कमेटी सदस्य सुनील दत्त, राजपाल गाहल्याण ने किया।

### आर्य कॉलेज में पुष्पोत्सव 10 को

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज की 'बोटैनिकल सोसाइटी' द्वारा आयोजित सातवां वार्षिक फ्लावर शो पुष्पोत्सव, दस मार्च से कॉलेज के न्यू साइंस ब्लॉक में शुरू होने जा रहा है। दो दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में फूलों की विभिन्न प्रजातियों और प्रकृति के अद्भुत रंगों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनता को प्रकृति व वनस्पतियों के प्रति जागरूक करना है।

### अधूरा पड़ा है स्मृति द्वार का निर्माण

**पानीपत।** पानीपत के गांव बुआना लाखु में स्वतंत्रता सेनानी गोवर्धन मलिक की स्मृति में बनने वाला स्मृति द्वार पिछले एक साल से अधूरा पड़ा है। ठेकेदार ने गड्ढे खोदकर काम शुरू किया था, लेकिन उसे बीच में ही छोड़ दिया। अधूरे निर्माण के कारण ग्रामीणों और पशुओं को आवाजाही में परेशानी हो रही है, जबकि रात के समय कई मोटरसाइकिल सवार गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल से द्वार का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की है।

### ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आईबी पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गृह विज्ञान विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ (विमेन सेल) के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। जिसमें सुमन, गर्ल्स कॉलेज खरखौद ने प्रथम, आरती सीसीएएस जैन गर्ल्स कॉलेज, गन्नौर द्वितीय, आयशा सैफी राजकीय कॉलेज, फरीदाबाद व चरणजीत सिंह राजकीय कालेज, मोहाली तृतीय रहे। विजेताओं को प्रो. डॉ. सुनीता ढांडा, कनक शर्मा, डॉ. मोनिका, डॉ. भगवंत कौर, सोनिया, आकांक्षा शर्मा, अंशिका आदि उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट सेवा करने वाली 45 महिलाओं को सम्मानित किया

# नारी सशक्तिकरण से भारत होगा आत्मनिर्भरता : डॉ. किरण



पानीतप। फैला उजियारा फाउंडेशन के कार्यक्रम में सम्मानित नारी शक्ति। फोटो : हरिभूमि

■ सेमिनार के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा "जय जय भारत देश" अभियान के तहत सेमिनार करवाया गया। सेमीनार में जिले भर के विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विभागों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और जागरूकता पर अपने विचार साझा किए तथा इस दिवस को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद की सीईओ डॉ. किरण ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने की। सेमिनार के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए गीत, कविता और अपने अनुभव साझा किए।

#### ये महिलाए हुई सम्मानित

डॉ. किरण ने अपने संबोधन में कहा कि नारी सशक्तिकरण से भी भारत विकसित व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनेगा। जबकि रंजीता कौशिक ने कहा कि नारी शक्ति शिक्षा व जागरूकता के माध्यम से ही जीवन में तरक्की कर सकती है। कार्यक्रम में संस्था की ओर से विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 45 महिलाओं श्रुति आर., निर्मला देवी, रंजीता कौशिक, ऋतु चहल, सीमा राणा, नीलम मीना, सुमन, संगीता, नेहा, पूनम, अनुराधा, रूपिंदर, अनीता, प्रिया, मोनिका, मीना, कमल रानी, ज्योति, पोपली, सोनिया, जसमीत, मेनिका, अलका, आरती, निशा, सारिका, सीमा, नेहा, मेनका, प्रियंका, ममता, गीता, कोमल, पूजा, नीमा, सुरेखा, नीतू, मोना आदि को सम्मानित किया गया।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें नारी

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सिलाई प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। निर्मला देशपांडे संस्थान में अतिथियों के साथ बेटियां। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के दूसरे दिन सोमवार को निर्मला देशपांडे संस्थान में माता सीता रानी सेवा संस्था, इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन, नारी कल्याण समिति और संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के लिए सिलाई कटाई तथा हस्तकला प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। प्रसिद्ध कलाकार शिव वाणी ने इस प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया।सिलाई-कटाई और हस्तकला जैसे व्यावहारिक कौशल महिलाओं के लिए न केवल आत्मनिर्भरता का माध्यम हैं बल्कि ये उन्हें परिवार और समाज में मजबूत भूमिका निभाने में सक्षम बनाते हैं। इस पहल को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया। महिला संयोजन समिति की संरक्षक कंचन सागर, संयोजक पूजा सैनी तथा माता सीता रानी सेवा संस्था की अध्यक्ष कृष्णा कांता राय ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं को निःशुल्क या न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा। वे घर बैठे आय अर्जित कर सकेंगी और अपनी क्षमताओं को निखार सकेंगी।

### सरकारी स्कूल में छात्रों की संख्या बढ़ाएं

**समालखा।** समालखा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी विद्यालयों के प्राइमरी हेड, मिडिल हेड, हेडमास्टर एवं प्राचार्यों की बैठक सोमवार को लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल समालखा में हुई। बैठक की अध्यक्षता डीईओ राकेश बूरा ने सभी विद्यालय मुखियाओं को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी प्रचार प्रसार किया जाए तथा प्रत्येक विद्यालय अपनी उपलब्धियों को समाज के सामने प्रस्तुत करे।

### शिविर में 16 लोगों ने किया रक्तदान



**थानेसर।** वर्ष 1989 से रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 580 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों को समर्पित रहा। इस शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, हरियाणा (चंडीगढ़) के महासचिव डॉ. सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे। शिविर की अध्यक्षता मानव मित्र मंडल के प्रधान भारतेन्दु हरीश ने की जबकि प्रयास फाउंडेशन के प्रधान नरेश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया। शिविर में डॉ. अशोक कुमार वर्मा की धर्मपत्नी ने सुषमा वर्मा ने सबसे पहले रक्तदान किया। इनके पश्चात हरविंद्र सिंह, प्रवीन कुमार, कंचन, नेहा, अरुण कुमार, सुमित चौहान, उमेश वर्मा, जीतेन्द्र, संतोष बाला, श्रवण कुमार, अंकित, संतोष, गौरव, राजबाला, बंसी लाल सहित 16 लोगों ने रक्तदान किया।

# सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

## डंपिंग पॉइंट शहर की आबादी क्षेत्र से बाहर बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। पानीपत शहरी नागरिक मंच का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपते हुए।

पानीपत शहरी नागरिक मंच की ओर से पानीपत की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को नगर निगम कमिश्नर के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा गया। वहीं, मंच ने नगर निगम क्षेत्र के तहत आने वाली सभी अवैध बस्तियों को वैध का दर्जा देते हुए मूलभूत नागरिक सुविधाएं देने, राशन डिपो को भ्रष्टाचार मुक्त कर राशन वितरण प्रणाली को सशक्त करने, फुल पेमेंट एग्रीमेंट के आधार पर पानीपत में बसे नागरिकों की संपत्ति उनके नाम करवाने के लिए प्लाटों की रजिस्ट्री और इंतकाल करवाने, सफाई व्यवस्था नगर निगम को कराने, निर्धनों का हाउस टैक्स माफ करने, नाले, नालियों व सीवरेज की सफाई कराने, ट्रैफिक जाम व प्रदूषण से जनता को मुक्ति दलवाने, डंपिंग पॉइंट शहर की आबादी ऐरिया से बाहर बनाने की मांग की। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधि मंडल में पानीपत शहरी नागरिक मंच के संयोजक ओमप्रकाश, नवीन सपरा, दिलावर सिंह राठी, सुनील दत्त, जय भगवान आदि उपस्थित रहे।

# कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य करेंगे: डॉ. किरण

## गंभीर व मध्यम तीव्र कुपोषण बच्चों के बेहतर प्रबंधन को कार्यक्रम शुरू

■ पोषण पुनर्वास केंद्रों में एफ-75 और एफ-100 आहार के माध्यम से चिकित्सकीय पोषण उपचार प्रदान किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। नगर परिषद की सीईओ डॉ .किरण बैठक की अध्यक्षता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला में बच्चों के कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई है। गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) और मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) से प्रभावित बच्चों के बेहतर प्रबंधन के लिए पायलट हस्तक्षेप कार्यक्रम शुरू किया गया है। वहीं, नगर परिषद की सीईओ डॉ.किरण की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें योजना के क्रियान्वयन और समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। पायलट परियोजना का उद्देश्य कुपोषित बच्चों के उपचार को मजबूत करना है, जिसके तहत पोषण पुनर्वास केंद्रों में एफ-75 और एफ-100 आहार के माध्यम से चिकित्सकीय पोषण उपचार प्रदान किया जाएगा। सीएमओ डॉ. विजय व अन्य कई अधिकारियों ने बताया कि कुपोषित बच्चों की समय रहते पहचान और उचित उपचार बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से बचा जा सके।

#### बैठक में ये मौजूद रहे

सीईओ डॉ.किरण ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला स्वास्थ्य टीमों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जबकि बैठक में डॉ. नीरू संयुक्त निदेशक स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्त प्रबंधन संस्थान- सह-नोडल अधिकारी राज्य सहयोग मिशन, राहुल सिंगला टीम प्रमुख, डॉ. अमिता रानी क्षेत्र विशेषज्ञ के अलावा सिविल अस्पताल के अधिकारी आदि मौजूद रहे।



पानीपत। डीएवी पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा कार्यशाला में भाग लेती टीचर्स।

## टीचर्स को साइबर सुरक्षा व जागरूकता की ट्रेनिंग दी

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा और साइबर जागरूकता विषय पर कार्यशाला हुई। वहीं इस कार्यशाला का उद्देश्य अध्यापकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इधर, कार्यशाला में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों जसप्रीत कौर व कोमल बतला ने अध्यापकों को बताया कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट का उपयोग करते समय किन किन सावधानियों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने फिशिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, पासवर्ड सुरक्षा और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने अध्यापकों को मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ निजी जानकारी सांझा न करने की सलाह दी। साथ ही यह भी बताया गया कि यदि किसी छात्र को ऑनलाइन किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े तो तुरंत अपने अभिभावकों या शिक्षकों को सूचित करें। प्राचार्या सुमिता अरोड़ा ने कहा कि आज के समय में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक अध्यापक के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# भारत की एकता व अखंडता को सद्भावना जरूरी : दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। हिंदू सम्मेलन का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

सर्व हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक के लिए श्री कृष्ण कृपा धाम मंदिर, श्री सुखधाम मंदिर, सुखदेव नगर पार्क समिति पानीपत के द्वारा सुखदेव नगर पार्क में हिंदू सम्मेलन हुआ। वहीं, सम्मेलन में हरिद्वार जगन्नाथ धाम से महामंडलेश्वर महंत अरुण दास व श्री अवध धाम से कथा वाचक पंडित श्री राधे राधे ने हिन्दुओं का मार्गदर्शन किया। अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंगला, सुरेश दुर्गा, रमेश कपूर, डॉ. डीके सिंह, महेंद्र कंसल ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिला मंडल ने धर्म की रक्षा कैसे करें इस विषय पर नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम में नारी शक्ति ने देशभक्ति के गीत गाए। अतिथियों को आयोजन समिति ने शॉल ओढा कर सम्मानित किया। मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित करके आरती की गई। दूसरी ओर, वक्ताओं ने भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखना आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने तथा अपने भविष्य को किस प्रकार सुरक्षित रख सकते हैं विचार व्यक्त किए।

#### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर पंडित निरंजन पाराशर, पार्षद नवल जिंदल, डॉ. पुरुषोत्तम बंसल, दिनेश सिंगला, रामपाल शर्मा, अश्विनी सरदाना, सतीश गुप्ता, अशोक दुरेजा, राजपाल जैन, सुरेश काबरा, ओम प्रकाश कटारिया, आनंद सागर, रमेश बजाज, अशोक अरोड़ा, सुनील तुली, अश्विनी गुप्ता, सुरेंद्र बत्रा, इंद्र नारंग, तरसेम सिंगला, कंवर रविंद्र सैनी, सुखदेव नगर पार्क समिति के अध्यक्ष सुभाष नारंग, कार्यक्रम के संयोजक विपिन ओम प्रकाश सरदाना, कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार सुंदर लाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत में रथ यात्रा का स्वागत किया

**पानीपत।** भगवान श्री सत्य सांई बाबा के 100वें जन्मोत्सव पर निकाली जा रही श्री सत्य सांई प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा श्री सत्य साई सेवा केंद्र 100 नंबर चौक में पहुंची। भक्तों ने श्रद्धा भाव से दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दें कि श्री सत्य सांई सेवा संगठन हरियाणा एवं चंडीगढ़ के तत्वावधान में यह रथ 7 मार्च से 10 मार्च तक पानीपत में रहेगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर भजन, सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### राजकीय स्कूल में स्टीम मेला

**पानीपत।** राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय नूरवाला में स्टीम मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान के विषयों पर आधारित माडल प्रदर्शित किए। मेला का एसएमसी के सदस्यों, अध्यापकों, अभिभावकों, एबीआरसी पिंकी मलिक व बीआरपी प्रवीण सैनी, मुख्याध्यापक विनोद सिंगला ने प्रदर्शिनी का अवलोकन किया।

### आईबी कॉलेज में वेबिनार का आयोजन

■ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश के विकास मॉडल और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराना था

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग और नीति आयोग द्वारा वेबीनार का लाइव प्रसारण हुआ। वेबिनार का विषय ऑरेंज इकोनॉमी में एवीजीसी कंटेंट क्रिएशन लैब्स के लिए यूनियन बजट 2026-27 में आवंटन रहा। वहीं प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश के विकास मॉडल और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराना था। लाइव प्रसारण में डॉ.किरण मदान, सहायक प्रो.हिमांशी व नीतू विशेष रूप से उपस्थित रहे।




पानीपत के विजेता तीरंदाज अपने प्रशिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि


### पानीपत के तीरंदाजों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**पानीपत।** हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन द्वारा जींद में आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल्स में प्रदेश भर के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। वहीं, पानीपत जिला आर्चरी कोच नागेश्वर वशिष्ठ ने बताया कि ट्रायल में दृष्टि, अंविषा व सौभ्या ने रिकर्व राउंड में गर्ल्स अंडर-10 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। जबकि रिकर्व राउंड बॉयज अंडर-10 वर्ग में रेयांश व शिवेश का और कंपाउंड राउंड बॉयज अंडर-10 वर्ग में विआन रत्रा और काविश ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इधर, नागेश्वर वशिष्ठ, साहिल गुलिया व वंश ने बताया कि चयनित खिलाड़ी सातवीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल किड्स अंडर-10 नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि चयनित खिलाड़ी हरियाणा व पानीपत का नाम रोशन करेंगे।

## दिव्या व नीतीश ने विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में लहराया परचम

# लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक हो युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्या डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

गीता विश्वविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी वाकपटुता और ज्ञान का लोहा मनवाते हुए कॉलेज की अंग्रेजी विभाग की एमए प्रथम वर्ष की दिव्या और बीएससी कंप्यूटर सांइस अंतिम वर्ष के नितिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, विद्यार्थियों की इस गौरवमयी उपलब्धि पर आर्य कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने उन्हें बधाई देते हुए कहा यह हमारे आर्य कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। कॉलेज न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी सिद्ध किया है कि आज का युवा देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक और गंभीर है।

#### ये मौजूद रहे

दिव्या व नीतीश अब हरियाणा विधानसभा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पानीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, कॉमर्स विभाग से प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, डॉ.मनीषा डुडेजा, डॉ.पंकज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

श्री अमित वैद पुत्र श्री बोध राज निवासी 1294-ए फर्स्ट फलोर, वरिन्दा एन्क्लेव सैक्टर 13-17, हुडा पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री अमित वैद पुत्र श्री बोध राज निवासी 1294-ए, फर्स्ट फलोर, वरिन्दा एन्क्लेव, सैक्टर 13-17, हुडा पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि श्रीमति वीना रानी पत्नी श्री बोध राज का देहान्त दिनांक 29-02-2024 को हो चुका है। इनकी मृत्यु उपरांत उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी दर्शाये गये हैं। हल्का पटवारी तथा अंजली शर्मा, नगर निगम पार्षद वार्ड 04 पानीपत द्वारा भी अपनी रिर्पोट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है :-

1. सीमा (पुत्री) 2. गीता (पुत्री) 3. मंजु (पुत्री) 4. अमित (पुत्र) 5. गुलशन कुमार (पुत्र) कुल (05) जायज वारिस हैं।

इनके अलावा मृतक स्व. श्रीमति वीना रानी का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### शिकायतों पर होगी सुनवाई

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 10 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से जुड़ी शिकायत इस बैठक में रख सकता है। मौके पर ही शिकायत पर सुनवाई कर उसका समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका मुख्य उदेश्य आम नागरिकों की समस्यओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी इसी ध्येय के साथ कार्य करें। एसडीएम आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। एसडीएम ने शिविर में पंहुचे शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को क्रमवार तरीके से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### शिकायतों पर करें अधिकारी कार्रवाई

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखीं। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

### रा.कॉलेज में व्यक्तिगत रील्स पर प्रतिबंध लगा

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री पर प्रतिबंध लगाया है। राजकीय कालेज के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक ने पत्र जारी कहा कि प्राय देखने में आया है कि कुछ विद्यार्थी, स्टाफ व अन्य बाहरी व्यक्ति महाविद्यालय परिसर में बिना सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के व्यक्तिगत रील्स, वीडियो व इंटरनेट मीडिया सामग्री बनाते हैं।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन नाबालिग लड़कियों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। शहर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि तीन मार्च को उसकी 15 वर्षीय पौती घर से गायब हो गई। वहीं नरवाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस घर से गायब हो गई। उधर, सदर थाना सफीदों इलाके से भी 17 वर्षीय लड़की गायब हो गई।

---


### कांग्रेस ने कर्मचारियों को समर्थन देकर हर संभव सहयोग का किया ऐलान

# निगम ने 15 वार्डों की सफाई का काम ठेके पर दिया, विरोध पर उतरे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम के 15 वार्डों में सफाई कर्मचारियों को ठेके पर रखने के निर्णय के विरोध का बड़े स्तर पर विरोध शुरू हो गया है। तमाम सफाई कर्मचारियों ने इसको लेकर सोमवार को धरना देकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। उधर कांग्रेस ने भी प्रदर्शनकारियों की मांग को जायज ठहराते हुए हर संभव सहयोग देने का ऐलान किया। अंबाला शहर से कांग्रेस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह सोमवार को खुद प्रदर्शनकारी कर्मचारियों की मांगों के पुरजोर समर्थन के लिए उनके बीच पहुंचे। विधायक ने उनकी मांगों को न्यायसंगत बताते हुए उनके समर्थन में खुलकर खड़े होने का भरोसा दिया। नगर पालिका कर्मचारी संघ व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े सफाई कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नगर निगम ने 15 वार्डों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए ठेके जारी कर दिए हैं, जबकि वर्षों से सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को निगम क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यह न केवल उनके साथ अन्याय है बल्कि लगभग दो दशकों से सेवा दे रहे कर्मचारियों के भविष्य को भी असुरक्षित बना रहा है। धरने में पहुंचे निर्मल सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मामला केवल रोजगार का प्रश्न नहीं बल्कि श्रम की गरिमा और न्याय का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी 15-20 वर्षों से शहर की सफाई व्यवस्था को संभालते हुए अपने श्रम से व्यवस्था को चलाता रहा है, तो उसे ठेके की व्यवस्था के माध्यम से हाशिये पर धकेलना प्रशासनिक संवेदनहीनता का उदाहरण है।

■ निर्मल सिंह सोमवार को कर्मचारियों के समर्थन के लिए पहुंचे



नगर निगम के सफाई कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए।

### ठेका प्रथा पर सरकार की नीति पर सवाल

निर्मल सिंह ने कहा कि सरकार एक ओर सार्वजनिक मंचों से ठेका प्रथा समाप्त करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर नगर निकायों में ठेकेदारों के माध्यम से कर्मचारियों को लगाने का रास्ता खोल देती है। "नीति और व्यवहार के बीच यह विरोधाभास कर्मचारियों के मन में अविश्वास पैदा करता है," उन्होंने कहा। कर्मचारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच पूर्व में हुई वार्ताओं में आश्वासन दिया गया था कि सफाई कर्मचारियों को ठेके पर नहीं लगाया जाएगा, लेकिन नगर निगम में इस आश्वासन की अनदेखी कर दी गई। इसके अलावा कर्मचारियों ने यह भी मांग उठाई कि 31 दिसंबर 2025 को माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार कच्चे सफाई कर्मचारियों को स्थायी किया जाए, जिसकी अभी तक पालना नहीं की गई है। निर्मल सिंह ने इस विषय पर बोलते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से उठाएंगे तथा विधानसभा में भी इसे प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें न केवल वैधानिक बल्कि नैतिक रूप से भी उचित हैं और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था केवल प्रशासनिक ढांचे से नहीं बल्कि उन श्रमिकों के समर्पण से चलती है जो प्रतिदिन सुबह से



रात तक शहर को स्वच्छ रखने में अपना श्रम लगाते हैं। यदि इन श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा नहीं की जाएगी तो व्यवस्था का नैतिक आधार ही कमजोर पड़ जाएगा," उन्होंने कहा। धरने पर मौजूद नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा 15 वार्डों में ठेका देने का निर्णय कर्मचारियों के साथ धोखा है। उनका कहना था कि निगम ने विभाग से कर्मचारियों की नियुक्ति की अनुमति मांगी थी, न कि ठेका व्यवस्था लागू करने की। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा नगर निकायों में कर्मचारियों की कमी को एचकेआरएनएल के माध्यम से भरने के निर्देश दिए गए थे लेकिन इसके बावजूद ठेके की व्यवस्था लागू करना कर्मचारियों के साथ अन्याय है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो पूरे अंबाला जिले में सफाई कर्मचारी व्यापक आंदोलन और हड़ताल के लिए मजबूर हो सकते हैं।

---

# विधायक ने उठाई मांग जिसका खेत, उसकी रेत

*बाढ़ रोकने का व्यावहारिक समाधान तलाशे सरकार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विधानसभा सत्र के दौरान विधायक पूजा चौधरी ने नदियों की समय पर डिसिल्टिंग (खुदाई) न होने और 'जिसका खेत, उसकी रेत' योजना लागू करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन पर सवाल उठाते हुए क्षेत्र में रेत की निकासी पर सवाल उठाए।



विधायक ने 'जिसका खेत-उसकी रेत' मॉडल लागू करने की मांग उठाते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था में खुदाई केवल पंचायती भूमि पर हो रही है, जबकि नदियां कई जगह निजी जमीन से होकर गुजरती हैं। उनके विधानसभा क्षेत्र में तीन नदियां टांगरी, मारकंडा, बेगना मुख्य नदियां है जो बरसात के दिनों में बाढ़ का कारण बनती है लेकिन सरकार ने इन तीन नदियों में से केवल अभी तक टांगरी नदी में थोड़ी बहुत खुदाई करवाई है जो पर्याप्त नहीं है। बची दो नदियों मारकंडा व बेगना नदी में अभी तक सरकार की तरफ़ से खुदाई का कोई काम नहीं हुआ है। विधायक ने कहा कि इन नदियों की खुदाई न होने के कारण इन नदियों का बहाव गांव- शहर, औद्योगिक क्षेत्र व किसानों के खेत से ऊपर होकर बह रहा है। इन नदियों से गांव- शहर, औद्योगिक क्षेत्र व खेत नीचे हो गए है जिस कारण बरसात के मौसम के दौरान इन नदियों में आने वाला पानी गांव-शहर, औद्योगिक क्षेत्र व किसानों की फसलों व पशुधन सहित इन जगहों पर पिछले कई सालों से बहुत भारी नुक्सान करता आ रहा है लेकिन सरकार ने इस नुकसान से बचाव के लिए अभी तक कोई समाधान तलाशना ज़रूरी नहीं समझ रही है।

### बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

विधायक ने कहा कि पिछले साल बाढ़ के दौरान गरीब मजदूर, किसान, व्यापारी, दुकानदार हर वर्ग प्रभावित हुआ था बहुत से परिवारों के घर बिल्कुल टूट चुके थे पशुधन के साथ किसानों का बहुत नुक्सान हुआ था लेकिन सरकार द्वारा आज तक किसी को इस बाढ़ से नुक़सान का किसी को कोई मुआवजा नहीं दिया है अगर किसी को मुआवजा मिला है वो केवल नाममात्र मिला है जो उचित नहीं है। विधायक ने सदन में सरकार से मांग करते हुए कहा कि अंबाला हर साल बाढ़ और कटाव से प्रभावित होता है। जिस कारण सभी वर्गों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है सरकार को बाढ़ रोकने संबंधित मौजूदा नीति में बदलाव कर व्यावहारिक समाधान तलाशने की जरुरत पर जोर दिया।

### बाढ़ रोकथाम योजना

विधायक ने मांग पर सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री ने सदन में कहा कि सरकार ने आगामी मानसून से पहले और व्यापक डी-सिल्टिंग की योजना बनाई है। प्रस्ताव के अनुसार टांगरी नदी से 53.85 लाख घन मीटर, मारकंडा से 10.94 लाख घन मीटर और बेगना नदी से 0.60 लाख घन मीटर गाद निकाली जाएगी। इन कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है और 30 जून तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सतर्कता के साथ कार्य कर रही है और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

---

## कराटे बेल्ट टेस्ट में 61 छात्रों ने दिखाया उत्साह

■ आर्य पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

आर्य पब्लिक स्कूल में कराटे बेल्ट टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 61 विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई बेल्ट हासिल की, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। बेल्ट टेस्ट का संचालन यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन के महासचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बच्चों की तकनीक, संतुलन, गति और आत्मविश्वास का बारीकी से मूल्यांकन किया। अपने



बराड़ा। कराटे बेल्ट टेस्ट में भाग लेते विद्यार्थी।

संबोधन में उन्होंने कहा कि कराटे केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मसंयम और आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण कला है। नियमित अभ्यास और समर्पण से ही खिलाड़ी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने किक, पंच, ब्लॉक और अन्य कराटे तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा देखकर उपस्थित अभिभावक और शिक्षक भी गर्व महसूस करते नजर आए। विद्यालय के प्रबंधक साहिल वर्मा ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

---

## समाज की प्रगति करती महिलाओं के सम्मान पर निर्भर

■ एमडीएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला समाजसेवियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के मार्गदर्शन में महिला समाजसेवियों को शिक्षा, चिकित्सा, संगीत, खेलकूद, राजनीति, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का



अंबाला। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

शुभारंभ कॉलेज की प्रिंसिपल और मुख्यातिथि डॉ. सीमा सिंघल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर महिला अग्रवाल वैश्य सभा जिलाध्यक्ष अनिता सिंगला, संगीता चौहान, अमांशु, मनजीत कौर, कमलेश अरोड़ा, डॉ जसप्रीत कौर, यशिका सिंघल, कमलेश अरोड़ा, मंजू अरोड़ा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.अनुराधा व रजनी गुप्ता का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से आरम्भ हुए इस सम्मान समारोह में सभी महिलाओं ने राष्ट्र एवं समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचारों से उपस्थित छात्राओं और आगंतुकों को अवगत कराया। प्रिंसिपल डॉ.सीमा सिंघल ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान पर निर्भर करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने और समाज में समानता की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मंच का संचालन प्रोफ़ेसर धनंजय कुमार ने किया। डॉ. जसप्रीत कौरने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डिजिटल इंडिया के युग में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियां और खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को नियमित रूप से खेलों में भाग लेने, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

---

## सारण गांव की टीम बनी विजेता, सलारहेड़ी की टीम दूसरे स्थान पर रही

**शहजादपुर।** गांव भरेड़ी में गोगा जाहरवीर क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी सपटर गुर्जर ने शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान पर सारण गांव की टीम रही ,जबकि दूसरा स्थान सालरहेड़ी गांव की टीम ने प्राप्त किया।

विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार 31000 , दूसरा पुरस्कार 15000 दिया गया। बेस्ट बैट्समैन को मोटरसाइकल देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन प्रदीप सैनी सरपंच भरेड़ी और कलब मेबर सचिन, पार्श सैनी, विकी सैनी ,सेंटी द्वारा कराया गया। चमन गुर्जर उप प्रधान भाकियू, मोहित सैनी , सुरेंद्र गुर्जर व अन्य मौजूद थे।

---

## खतरों के प्रति सतर्कता ही आत्मरक्षा का पहला कदम

■ छात्राओं को हमेशा सजग रहकर परिस्थितियों का सामना करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं के लिए आत्मरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास के माहौल और संभावित खतरों के प्रति सतर्क रहना ही आत्मरक्षा का पहला कदम है। छात्राओं को हमेशा सजग रहकर परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला सुरक्षा एवं बाल विवाह निषेध



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

अधिकारी अंबाला अरविंदरजीत कौर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रत्येक व्यक्ति का कानूनी अधिकार है, जो उसे कठिन और खतरनाक परिस्थितियों से सुरक्षित रहने में मदद करता है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी विषम परिस्थिति में घबराने के बजाय शांत रहकर सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल कल्पना और वॉलीबाल कोच मनीषा ने भी अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमरजीत कौर, डॉ. पूजा रानी तथा डॉ. आशुतोष शर्मा का विशेष योगदान रहा।

---



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दिए गए ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट

**बराड़ा।** गांव उगाला स्थित सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों को पारितोषिक व ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे गेमल दहिया की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उप-प्रधानाचार्या नवदीप कौर ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान एलकेजी के बच्चों ने यूकेजी के बच्चों को किंडरगार्टन से विदाई देते हुए हाई स्कूल में प्रवेश के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य और गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

---

## एसडीएम का बेटा बना भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार के बेटे प्रवेश बिश्नोई ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर परिवार व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बेटे की पासिंग परेड में प्रवेश बिश्नोई के पिता एसडीएम दर्शन कुमार व माता उषा बिश्नोई ने चेन्नई में बेटे को अपना आशीर्वाद दिया। बेटे की इस खुशी को लेकर प्रवेश बिश्नोई के पैतृक शहर हिसार के साथ-साथ परिवार में खुशी का मौहाल है। सभी लोग प्रवेश की इस उपलब्धि को लेकर गद्गद् है। बता दे कि प्रवेश बिश्नोई ने 12 तक की परीक्षा हिसार से उतीर्ण की। उसके उपरांत पंजाब विश्वविद्यालय से लॉ की उपलब्धि



अंबाला। पासिंग परेड के दौरान लेफ्टिनेंट प्रवेश बिश्नोई के साथ उसके पिता एसडीएम दर्शन कुमार व मां उषा।

हासिल की है। प्रवेश बिश्नोई ने बताया कि उनके मन में बचपन से देश सेवा करने का सपना है जो कि अब पूरा होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह भी देश सेवा करने का सपना बहुत बड़ा होता है।

---

### विवाद बढ़ने पर सचिव ने सदस्यों से माफी मांगकर छुडाई जान

# नपा सचिव के व्यवहार पर भड़के सदस्य, कार्रवाई के लिए चेयरमैन को शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगर पालिका में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब सचिव द्वारा एक सदस्य के पति के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया। घटना के बाद नगर के कई सदस्यों में रोष फैल गया। उन्होंने एकजुट होकर नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक को सचिव के खिलाफ शिकायत सौंपी। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 16 की सदस्य के पति अमरिंदर सिंह रॉबिन सोमवार सुबह आधार कार्ड से संबंधित कार्य के सिलसिले में नगर पालिका



बराड़ा। विरोध जताते हुए नगरपालिका के सदस्य।

कार्यालय पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने सचिव मोहित सैनी से अपने वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस बात पर सचिव भड़क गए।

### शिकायत के बाद सचिव ने मानी गलती

अमरिंदर सिंह ने कथित तौर पर ऊंची आवाज में कहा कि यदि लाइटें ठीक करवानी हैं तो पहले खुद सामान लेकर आएं, उसके बाद ही इलेक्ट्रिशियन भेजा जाएगा। सचिव के इस व्यवहार से आहत होकर अमरिंदर सिंह ने अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। मामले की सूचना मिलते ही कई सदस्य नगर पालिका कार्यालय पहुंच गए। सामूहिक रूप से चेयरमैन रजत मलिक से मिलकर सचिव के व्यवहार की शिकायत की। इसके बाद चेयरमैन ने तुरंत सचिव मोहित सैनी को अपने कार्यालय में बुलाया। बैठक के दौरान चेयरमैन और सदस्यों के सामने सचिव ने अपने व्यवहार पर खेद जताते हुए गलती स्वीकार की। इस पर चेयरमैन रजत मलिक ने सख्त लहजे में कहा कि कार्यालय में किसी भी निर्वाचित प्रतिनिधि या आम नागरिक के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सचिव ने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी और वार्ड की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। चेयरमैन रजत मलिक ने कहा कि नगर पालिका कार्यालय जनता की सेवा के लिए है। किसी भी कर्मचारी को किसी के साथ अभद्र व्यवहार करने का अधिकार नहीं है।